



'हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष: विरासत, सरोकार और विकसित भारत का संकल्प' संगोष्ठी बुधवार से

वर्धा, 03 नवंबर 2026 : 'हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष : विरासत, सरोकार और विकसित भारत का संकल्प' विषय पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग की ओर से 4 एवं 5 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन बुधवार, 04 नवंबर को कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में कस्तूरबा सभागार में पूर्वाह्न 10:00 बजे किया जाएगा।। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति प्रो. मनोज दयाल होंगे। सारस्वत अतिथि राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बलदेवभाई शर्मा होंगे तथा सप्रे संग्रहालय, भोपाल के संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर का सान्निध्य प्राप्त होगा।

कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. के. बालराजु देंगे। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश लेहकपुरे प्रास्ताविक करेंगे। जनसंचार विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं संगोष्ठी संयोजक डॉ. रेणु सिंह संचालन करेंगी एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार वर्मा धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। संगोष्ठी का प्रथम सत्र दोपहर 12:00 बजे हिंदी पत्रकारिता की विरासत विषय पर दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नई के पूर्व कुलपति प्रो. राम मोहन पाठक की अध्यक्षता में होगा। इस अवसर पर सप्रे संग्रहालय, भोपाल के संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर मुख्य अतिथि तथा वीणा पत्रिका, इंदौर के संपादक राकेश शर्मा विशेष अतिथि होंगे। द्वितीय सत्र दोपहर 03:00 बजे हिंदी पत्रकारिता : कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नैतिकता, संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व

महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में होगा, जिसमें एल्गो टेक्नॉलॉजीज, दुबई के सीईओ बालेन्दु शर्मा दाधीच मुख्य अतिथि, आकाशवाणी, दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो. महावीर सिंह विशिष्ट अतिथि तथा राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय, नागपुर के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. धर्मेश धावनकर विशेष अतिथि होंगे। दोपहर 04:00 बजे से दो समानांतर सत्र भी होंगे। संगोष्ठी के दौरान 45 से अधिक शोध पत्र पढ़े जाएंगे।

तृतीय सत्र 05 नवंबर को 10:00 बजे हिंदी पत्रकारिता : भाषा संस्कृति और विकसित भारत विषय पर प्रो. मनोज दयाल की अध्यक्षता में होगा। जिसमें दैनिक भास्कर के समूह संपादक प्रकाश दुबे और राकेश शर्मा संबोधित करेंगे। संगोष्ठी का चतुर्थ सत्र 11:30 बजे प्रो. बलदेवभाई शर्मा की अध्यक्षता में होगा। जिसमें प्रो. संजय द्विवेदी बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। संगोष्ठी का समापन दोपहर 03:30 बजे कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में होगा। इस अवसर पर प्रो. राममोहन पाठक मुख्य अतिथि होंगे तथा प्रकाश दुबे एवं लोकमत समाचार के वरिष्ठ संपादक विकास मिश्र सारस्वत अतिथि होंगे।

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मराठी :

'हिंदी पत्रकारितेची दोनशे वर्षे: वारसा, सरोकार आणि विकसित भारताचा संकल्प' या विषयावरील राष्ट्रीय परिसंवाद बुधवारपासून

वर्धा, दि. ३ नोव्हेंबर २०२६ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या जनसंचार विभागाच्या वतीने 'हिंदी पत्रकारितेची दोनशे वर्षे : वारसा, सरोकार आणि विकसित भारताचा संकल्प' या विषयावर ४ व ५ नोव्हेंबर रोजी राष्ट्रीय परिसंवादाचे आयोजन करण्यात आले आहे. परिसंवादाचे उद्घाटन बुधवार, ४ नोव्हेंबर रोजी सकाळी १० वाजता कस्तुरबा सभागृहात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल.

उद्घटन कार्यक्रमाला कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विद्यापीठ, रायपूरचे कुलगुरू प्रो. मनोज दयाल प्रमुख अतिथी म्हणून उपस्थित राहतील. राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारताचे माजी अध्यक्ष प्रो. बलदेवभाई शर्मा सारस्वत अतिथी असतील, तर सप्रे संग्रहालय, भोपाळचे संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर यांची विशेष उपस्थिती लाभणार आहे.

कार्यक्रमाचे स्वागतपर भाषण मानविकी व सामाजिक विज्ञान विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. के. बालराजु करतील. जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष डॉ. राजेश लेहकपुरे प्रास्ताविक करतील. परिसंवादाच्या संयोजिका व विभागाच्या सहाय्यक प्राध्यापिका डॉ. रेणू सिंह संचालन करतील, तर सहाय्यक प्राध्यापक डॉ. संदीप कुमार वर्मा आभार मानतील.

परिसंवादाचे पहिले सत्र दुपारी १२ वाजता 'हिंदी पत्रकारितेचा वारसा' या विषयावर दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभेचे, चेन्नईचे माजी कुलगुरू प्रो. राममोहन पाठक यांच्या अध्यक्षखाली होईल. यावेळी सप्रे संग्रहालय, भोपाळचे संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर प्रमुख अतिथी, तर 'वीणा' मासिकाचे इंदूर येथील संपादक राकेश शर्मा विशेष अतिथी म्हणून उपस्थित राहतील.

दुसरे सत्र दुपारी ३ वाजता 'हिंदी पत्रकारिता : कृत्रिम बुद्धिमत्तेची नैतिकता, शक्यता आणि आव्हाने' या विषयावर भारतीय जनसंचार संस्थान, नवी दिल्लीचे माजी महासंचालक प्रो. संजय द्विवेदी यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. यावेळी दुबई येथील एल्गो टेक्नॉलॉजीजचे मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालेन्दु शर्मा दाधीच प्रमुख अतिथी, आकाशवाणी, दिल्लीचे माजी संचालक प्रो. महावीर सिंह विशिष्ट अतिथी, तर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठाचे, जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष प्रो. धर्मेश धावणकर विशेष अतिथी म्हणून उपस्थित राहतील. दुपारी ४ वाजल्यापासून दोन समांतर सत्र ही होतील. परिसंवादात 45 पेक्षा जास्त शोध पत्र सादर करण्यात येतील।

परिसंवादाच्या दुसऱ्या दिवशी, ५ नोव्हेंबर रोजी सकाळी १० वाजता तिसरे सत्र 'हिंदी पत्रकारिता : भाषा, संस्कृती आणि विकसित भारत' या विषयावर प्रो. मनोज दयाल यांच्या अध्यक्षखाली होईल. दैनिक भास्करचे समूह संपादक प्रकाश दुबे आणि राकेश शर्मा या सत्रात आपले विचार मांडतील. चौथे सत्र सकाळी ११.३० वाजता प्रो. बलदेवभाई शर्मा यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. या सत्रात प्रो. संजय द्विवेदी प्रमुख अतिथी म्हणून मार्गदर्शन करतील.

परिसंवादाचा समारोप ५ नोव्हेंबर रोजी दुपारी ३.३० वाजता कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. या वेळी प्रो. राममोहन पाठक प्रमुख अतिथी तर प्रकाश दुबे आणि लोकमत समाचार चे वरिष्ठ संपादक विकास मिश्र सारस्वत अतिथी म्हणून उपस्थित राहतील.

नमस्कार! मा. संपादक/संवाददाता, महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें। सादर धन्यवाद।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305